# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

## विज्ञप्ति संख्या– पी0आर0–............../2026

(i) माध्यमिक विशेष परीक्षा, 2026, एवं,
(ii) माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरे जाने एवं शुल्क जमा करने के संबंध में आवश्यक सूचना।

एतद् द्वारा राज्य के माध्यमिक स्तर की शिक्षा प्रदान करने वाले मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रधान, विद्यार्थी, उनके अभिभावक, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मा०शि०) तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा छात्रहित में **(i) माध्यमिक विशेष परीक्षा, 2026 एवं (ii) माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2026** आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में सम्मिलित होने वाले इच्छुक वैसे परीक्षार्थी जिनका पंजीयन तीन शैक्षणिक सत्रों यथा–2023–24, 2024–25 एवं 2025–26 के लिए मान्य है, वे अपने विद्यालय प्रधान के माध्यम से समिति के वेबसाइट **https://exam.biharboardonline.org** **अथवा** **https://biharboardonline.com** पर **दिनांक 01.04.2026 से 07.04.2026** तक ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भर सकते हैं। परीक्षा आवेदन भरने वाले परीक्षार्थी का निर्धारित परीक्षा शुल्क ऑनलाइन जमा करना अनिवार्य होगा। समिति के उक्त वेबसाइट पर परीक्षा आवेदन प्रपत्र अपलोड है। विद्यालय के प्रधान परीक्षा आवेदन प्रपत्र डाउनलोड कर परीक्षा में सम्मिलित होने वाले पात्र छात्र/छात्रा को उपलब्ध करायेंगे और उनसे विधिवत् भरा हुआ परीक्षा आवेदन पत्र प्राप्त कर समिति के उक्त वेबसाइट पर निर्धारित अवधि में ऑनलाइन भरना एवं निर्धारित शुल्क जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

2. उक्त परीक्षाओं हेतु दो अलग–अलग प्रकार के आवेदन प्रपत्र यथा– **(i) माध्यमिक विशेष परीक्षा, 2026 एवं (ii) माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2026** के लिए समिति के पोर्टल पर अपलोड किये गये हैं। उक्त परीक्षाओं के संबंध में अग्रेत्तर कंडिकाओं में उल्लिखित विवरण का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर उपयुक्त प्रपत्र का उपयोग कर परीक्षा आवेदन पत्र भरा जाना है।

### 3. माध्यमिक विशेष परीक्षा, 2026

**इस परीक्षा में निम्नांकित कोटि के परीक्षार्थी सम्मिलित हो सकते हैं:–**

(i) **नियमित (Regular)/स्वतंत्र (Private) कोटि के परीक्षार्थियों की सभी विषयों की परीक्षा के लिए:–** वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, (सत्र 2025–26) के लिए मान्यता प्राप्त विद्यालय के पंजीकृत नियमित/स्वतंत्र कोटि के वैसे विद्यार्थी, जो Sent-up परीक्षा में उत्तीर्ण है, परन्तु संबंधित विद्यालय में उनके द्वारा परीक्षा आवेदन एवं निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा करने के बावजूद विद्यालय प्रधान की लापरवाही के कारण अथवा किसी अन्य अपरिहार्य कारणवश ऑनलाइन परीक्षा आवेदन नहीं भरा गया है और जिसके कारण विधार्थी परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित रह गये हो, तो वैसे छूटे हुए पंजीकृत एवं Sent-up परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थी को, अपवाद स्वरूप विशेष मौका देते हुए, माध्यमिक विशेष परीक्षा, 2026 में नियमित (Regular)/स्वतंत्र (Private) कोटि के परीक्षार्थी के रूप में सभी विषयों की परीक्षा में शामिल होने का अवसर दिया जाता है। ऐसे परीक्षार्थी को वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2026 के अनुरूप श्रेणी एवं अन्य सभी सुविधाएँ देय होगी। ऐसे परीक्षार्थियों का यदि इंटरनल एसेसमेंट/प्रायोगिक परीक्षा का प्राप्तांक समिति को प्राप्त नहीं है, तो उन्हें आयोजित होने वाली इंटरनल एसेसमेंट/ प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित कराकर उनका प्राप्तांक विद्यालय के द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा तथा जिनका प्राप्तांक समिति को प्राप्त है, उसे Carry On कर परीक्षाफल तैयार किया जाएगा। Sent-up परीक्षा में अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित रहे विद्यार्थी परीक्षा आवेदन भरने के पात्र नहीं होंगे।

(ii) **पूर्ववर्ती (Ex-Student) कोटि के परीक्षार्थी** :– सत्र 2023–24 अथवा 2024–25 के लिए पंजीकृत वैसे विद्यार्थी, जो परीक्षा में सम्मिलित होकर अनुत्तीर्ण रहें हों और वर्ष 2026 की वार्षिक माध्यमिक परीक्षा में पूर्ववर्ती छात्र (Ex-Student) के रूप में सभी विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता रखते थे, परन्तु विद्यालय के प्रधान के लापरवाही के कारण अथवा किसी अन्य कारणवश उनका ऑनलाईन परीक्षा आवेदन नहीं भरा गया और इसके कारण वे परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित रह गये हों, तो वैसे छूटे हुए पंजीकृत एवं Sent-Up परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थी को, अपवाद स्वरूप विशेष मौका देते हुए, **माध्यमिक विशेष परीक्षा, 2026** में पूर्ववर्ती छात्र (Ex-Student) के रूप में सभी विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर दिया जाता है। इन्हें भी वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2026 के अनुरूप श्रेणी एवं अन्य सभी सुविधाएँ देय होगी। ऐसे परीक्षार्थी को वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2026 के अनुरूप श्रेणी एवं अन्य सभी सुविधाएँ देय होगी। ऐसे परीक्षार्थियों का यदि इंटरनल एसेसमेंट/प्रायोगिक परीक्षा का प्राप्तांक समिति को प्राप्त नहीं है, तो उन्हें आयोजित होने वाली इंटरनल एसेसमेंट/ प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित कराकर उनका प्राप्तांक विद्यालय के द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा तथा जिनका प्राप्तांक समिति को प्राप्त है, उसे Carry On कर परीक्षाफल तैयार किया जाएगा। Sent-up परीक्षा में अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित रहे विद्यार्थी परीक्षा आवेदन भरने के पात्र नहीं होंगे।

(iii) नियमित/स्वतंत्र/पूर्ववर्ती कोटि के वैसे पंजीकृत एवं सेन्ट–अप उत्तीर्ण परीक्षार्थी जिनका वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होने के लिए ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरने के क्रम में विषय, लिंग एवं फोटो में त्रुटि की गई और उसके कारण वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होने से वंचित रह गये हैं, तो वे विषय, लिंग एवं फोटो को संशोधित करते हुए माध्यमिक विशेष परीक्षा, 2026 में सभी विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अपने विद्यालय के माध्यम से ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भर सकते हैं। उन्हें वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2026 के अनुरूप श्रेणी

एवं अन्य सभी सुविधाएँ देय होगी। ऐसे परीक्षार्थियों का यदि इंटरनल एसेसमेंट/प्रायोगिक परीक्षा का प्राप्तांक समिति को प्राप्त नहीं है, तो उन्हें आयोजित होने वाली इंटरनल एसेसमेंट/ प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित कराकर उनका प्राप्तांक विद्यालय के द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा तथा जिनका प्राप्तांक समिति को प्राप्त है, उसे Carry On कर परीक्षाफल तैयार किया जाएगा।

(iv) **वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2026 में अनुपस्थित परीक्षार्थियों के संबंध में:–** वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2026 के वैसे पंजीकृत एवं Sent-up परीक्षा में उत्तीर्ण परीक्षार्थी, जो किसी कारणवश उक्त परीक्षा में अपने एक अथवा एक से अधिक अथवा सभी विषयों की परीक्षा में अनुपस्थित रहें हो, तो वैसे परीक्षार्थी को अपवाद स्वरूप माध्यमिक विशेष परीक्षा, 2026 में सभी विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान किया जाता है। ऐसे परीक्षार्थी को वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2026 के अनुरूप श्रेणी एवं अन्य सभी सुविधाएँ देय होगी। ऐसे परीक्षार्थियों का यदि इंटरनल एसेसमेंट/प्रायोगिक परीक्षा का प्राप्तांक समिति को प्राप्त नहीं है, तो उन्हें आयोजित होने वाली इंटरनल एसेसमेंट/ प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित कराकर उनका प्राप्तांक विद्यालय के द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा तथा जिनका प्राप्तांक समिति को प्राप्त है, उसे Carry On कर परीक्षाफल तैयार किया जाएगा।

**नोटः–** वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2026 में अधिकतम 2 (दो) विषयों **(अंग्रेजी सहित तीन)** की मात्र सैद्धान्तिक परीक्षा में अनुपस्थित परीक्षार्थी यदि चाहे तो माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2026 में कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थी के रूप में भी सम्मिलित हो सकते हैं, जिसका विवरण आगामी कंडिका– 4 (क) में दिया गया है।

(v) **माध्यमिक विशेष परीक्षा, 2026 में समुन्नत कोटि के रूप में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी के सम्बन्ध में:–** वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2025 में उत्तीर्ण वैसे परीक्षार्थी, जो वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2026 में समुन्नत परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा में सम्मिलित होना चाहते थे, किन्तु किसी कारणवश परीक्षा आवेदन ऑनलाइन भरने एवं शुल्क जमा करने से वंचित रह गये अथवा विद्यालय प्रधान की लापरवाही के कारण उनका ऑनलाइन परीक्षा फार्म नहीं भरा जा सका, वैसे परीक्षार्थी माध्यमिक विशेष परीक्षा, 2026 में समुन्नत कोटि के परीक्षार्थी के रूप में अपने एक अथवा सभी विषयों, जिसमें वे उत्तीर्ण हैं, की परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अपने विद्यालय के माध्यम से ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भर सकते हैं। ऐसे परीक्षार्थियों का यदि इंटरनल एसेसमेंट/प्रायोगिक परीक्षा का प्राप्तांक समिति को प्राप्त नहीं है, तो उन्हें आयोजित होने वाली इंटरनल एसेसमेंट/प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित कराकर उनका प्राप्तांक विद्यालय के द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा तथा जिनका प्राप्तांक समिति को प्राप्त है, उसे Carry On कर परीक्षाफल तैयार किया जाएगा। वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2026 में उत्तीर्ण परीक्षार्थी इस परीक्षा में सम्मिलित होने के पात्र नहीं होंगे। वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2026 में उत्तीर्ण परीक्षार्थी यदि Result Improvement हेतु पुनः माध्यमिक परीक्षा में सम्मिलित होना चाहते हैं, तो वे आगामी वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 में सम्मिलित हो सकते हैं।

## 4. माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2026

इस परीक्षा में निम्नांकित कोटि के परीक्षार्थी सम्मिलित हो सकते हैं:–

(क) **वार्षिक माध्यमिक सैद्धान्तिक परीक्षा, 2026 में अधिकतम 02 (दो) (अंग्रेजी सहित तीन) विषयों में अनुपस्थित परीक्षार्थी को कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित होने के संबंध में:–** वार्षिक माध्यमिक सैद्धान्तिक परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होने वाले वैसें पंजीकृत एवं Sent-up परीक्षा में उत्तीर्ण परीक्षार्थी, जो मातृभाषा (MIL), द्वितीय भारतीय भाषा (SIL) तथा अनिवार्य विषय–विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, गणित, अंग्रेजी एवं ऐच्छिक विषय में से किसी कारणवश अधिकतम दो विषयों (अंग्रेजी सहित तीन विषयों) की मात्र सैद्धान्तिक परीक्षा में अनुपस्थित रहें हो, तो वैसे परीक्षार्थी को अपवाद स्वरूप माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2026 में उन अनुपस्थित अधिकतम दो विषयों (अंग्रेजी सहित तीन विषयों) की परीक्षा में कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान किया जाता है। ऐसे परीक्षार्थियों का यदि इंटरनल एसेसमेंट/ प्रायोगिक परीक्षा का प्राप्तांक समिति को प्राप्त नहीं है, तो उन्हें आयोजित होने वाली इंटरनल एसेसमेंट/ प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित कराकर उसका प्राप्तांक विद्यालय के द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा तथा जिनका प्राप्तांक समिति को प्राप्त है, उसे Carry On कर परीक्षाफल तैयार किया जाएगा। इस कोटि के परीक्षार्थियों को वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2026 के अनुरूप श्रेणी एवं अन्य सुविधाएँ देय नहीं होगी।

**नोटः–** ऐसे परीक्षार्थी उपर्युक्त कंडिका–3 की उप कंडिका (iv) के आलोक में माध्यमिक विशेष परीक्षा, 2026 में सभी विषयों की परीक्षा में भी सम्मिलित होने की पात्रता रखते हैं।

(ख) वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2026 के वैसे परीक्षार्थी, जो मातृभाषा (MIL), द्वितीय भारतीय भाषा (SIL) तथा अनिवार्य विषय–विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, गणित, अंग्रेजी एवं ऐच्छिक विषय में से अंग्रेजी को छोड़कर किसी एक विषय अथवा दो विषयों अथवा अंग्रेजी सहित तीन विषय में अनुत्तीर्ण हुए हों, तो वे उत्तीर्ण होने तक लगातार तीन अवसर ले सकते हैं। प्रथम अवसर माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2026, दूसरा अवसर वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 तथा तीसरा अन्तिम अवसर माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2027 तक दिया जाएगा। प्रथम अवसर के लिए माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होने हेतु अपने विद्यालय प्रधान के माध्यम से ऑनलाईन परीक्षा आवेदन एवं शुल्क जमा कर सकते हैं। ऐसे परीक्षार्थियों का यदि इंटरनल एसेसमेंट/प्रायोगिक परीक्षा का प्राप्तांक समिति को प्राप्त नहीं है, तो उन्हें आयोजित होने वाली इंटरनल एसेसमेंट/प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित कराकर उसका प्राप्तांक विद्यालय के द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा तथा जिनका प्राप्तांक समिति को प्राप्त है, उसे Carry

On कर परीक्षाफल तैयार किया जाएगा। इस कोटि के परीक्षार्थी को वार्षिक परीक्षा, 2026 के अनुरूप श्रेणी एवं अन्य सुविधा देय नहीं होगी।

(ग) माध्यमिक विशेष परीक्षा, 2025 के वैसे परीक्षार्थी, जो मातृभाषा (MIL), द्वितीय भारतीय भाषा (SIL) तथा अनिवार्य विषय–विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, गणित, अंग्रेजी एवं ऐच्छिक विषय में से अंग्रेजी को छोड़कर किसी एक विषय अथवा दो विषयों अथवा अंग्रेजी सहित तीन विषय में अनुत्तीर्ण हुए हों, तो प्रथम अवसर के रूप में वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2026 में सम्मिलित हुए तथा उसमें भी अनुत्तीर्ण रहे, तो दूसरे अवसर के रूप में माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2026 में कम्पार्टमेन्टल कोटि के रूप में सम्मिलित होने हेतु ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भर सकते हैं और शुल्क जमा करेंगें। ऐसे परीक्षार्थियों का यदि इंटरनल एसेसमेंट/प्रायोगिक परीक्षा का प्राप्तांक समिति को प्राप्त नहीं है, तो उन्हें आयोजित होने वाली इंटरनल एसेसमेंट/प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित कराकर उसका प्राप्तांक विद्यालय के द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा तथा जिनका प्राप्तांक समिति को प्राप्त है, उसे Carry On कर परीक्षाफल तैयार किया जाएगा। इस कोटि के परीक्षार्थी को श्रेणी एवं अन्य सुविधा देय नहीं होगी।

(घ) वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2025 में सम्मिलित वैसे परीक्षार्थी, जो मातृभाषा (MIL), द्वितीय भारतीय भाषा (SIL) तथा अनिवार्य विषय–विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, गणित, अंग्रेजी एवं ऐच्छिक विषय में से अंग्रेजी को छोड़कर किसी एक विषय अथवा दो विषयों अथवा अंग्रेजी सहित तीन विषय में अनुत्तीर्ण हुए हों, वे प्रथम अवसर के रूप में माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2025 में सम्मिलित हुए और उसमें भी अनुत्तीर्ण रहे, दूसरे अवसर के अन्तर्गत वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2026 में सम्मिलित हुए और पुनः अनुत्तीर्ण रहे, तो वैसे परीक्षार्थी अपने तीसरे अंतिम अवसर के रूप में माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2026 में सम्मिलित हो सकते हैं, जिसके लिए वे अपने विद्यालय के माध्यम से ऑनलाईन परीक्षा आवेदन एवं शुल्क जमा कर सकते हैं। ऐसे परीक्षार्थियों का यदि इंटरनल एसेसमेंट/प्रायोगिक परीक्षा का प्राप्तांक समिति को प्राप्त नहीं है, तो उन्हें आयोजित होने वाली इंटरनल एसेसमेंट/प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित कराकर उसका प्राप्तांक विद्यालय के द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा तथा जिनका प्राप्तांक समिति को प्राप्त है, उसे Carry On कर परीक्षाफल तैयार किया जाएगा। इस कोटि के परीक्षार्थी को श्रेणी एवं अन्य सुविधा देय नहीं होगी।

(ङ) वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2026 में उत्तीर्ण परीक्षार्थी यदि मात्र अंग्रेजी विषय में अनुत्तीर्ण हैं, तो वे Single Subject अंग्रेजी की परीक्षा में शामिल हो सकते हैं, जिसके लिए वे अपने विद्यालय के माध्यम से ऑनलाईन परीक्षा आवेदन एवं शुल्क जमा कर सकते हैं।

(च) उल्लेखनीय है कि वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2026 में अधिकतम दो विषयों (अंग्रेजी सहित तीन विषयों) में अनुत्तीर्ण कतिपय परीक्षार्थी अपनी उत्तरपुस्तिकाओं के पुनरीक्षण (स्क्रुटिनी) हेतु ऑनलाइन आवेदन भरते हैं साथ ही माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2026 में भी सम्मिलित होने हेतु ऑनलाइन परीक्षा आवेदन अपने शिक्षण संस्थान के माध्यम से भर देते हैं। इस संबंध में स्पष्ट करना है कि **यदि उत्तरपुस्तिकाओं के पुनरीक्षण (Scrutiny) के उपरान्त किसी परीक्षार्थी के अंकों में परिवर्तन के पश्चात वे उत्तीर्णता प्राप्त कर लेते हैं, तो उनका वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2026 का परीक्षाफल ही मान्य होगा न कि माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2026 का परीक्षाफल।**

**5.** अंकनीय है कि अधिकतम दो विषयों (अंग्रेजी सहित तीन विषय) में अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी कम्पार्टमेन्टल परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।

**6.** सत्र 2023–24 से राज्य के चिन्हित माध्यमिक विद्यालयों में कतिपय व्यावसायिक ट्रेडों यथा–सुरक्षा (Security), ब्यूटिशियन (Beautician), टूरिज्म (Tourism), रिटेल मैनेजमेंट (Retail Management), ऑटोमोबाईल (Automobile), इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड हार्डवेयर (Electronics & H/W), ब्यूटी एण्ड वेलनेस (Beauty & Wellness), टेलीकॉम (Telecom) तथा आई०टी० / आई०टीज० (IT/ITes) को ऐच्छिक विषय के रूप में पठन–पाठन प्रारंभ किया गया है। जिन विद्यार्थियों के द्वारा उपर्युक्त व्यावसायिक ट्रेडों में से किसी ट्रेड का चयन किया गया है, यदि वे वार्षिक माध्यमिक सैद्धान्तिक परीक्षा, 2026 में व्यावसायिक विषय सहित अधिकतम दो विषयों (अंग्रेजी सहित तीन विषयों) में अनुपस्थित/अनुत्तीर्ण हैं, तो वे इस परीक्षा में कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित हो सकते हैं। इस कोटि के परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा नहीं ली जाएगी। उनके वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2026 में ली गयी प्रायोगिक विषय की परीक्षा में प्राप्त अंक को Carry on किया जाएगा। वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2026 में आयोजित प्रायोगिक विषय/विषयों की परीक्षा में अनुत्तीर्ण/ अनुपस्थित परीक्षार्थी इस परीक्षा में कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित होने की पात्रता नहीं रखते हैं। इस कोटि के परीक्षार्थियों को वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2026 के अनुरूप श्रेणी एवं अन्य सुविधाएँ देय नहीं होगा। अधिकतम दो विषयों (अंग्रेजी सहित तीन विषय) की वार्षिक माध्यमिक सैद्धान्तिक परीक्षा, 2026 में **अनुपस्थित परीक्षार्थी** उपर्युक्त कंडिका–3 (iv) के आलोक में **माध्यमिक विशेष परीक्षा, 2026** में सभी विषयों की सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक परीक्षाओं में भी सम्मिलित होने की पात्रता रखते हैं। जिस विद्यार्थी के द्वारा व्यावसायिक ट्रेड का चयन किया गया है, उस विद्यार्थी को चयनित व्यावसायिक ट्रेड की सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक परीक्षा में शामिल होना बाध्यकारी है, परंतु उत्तीर्ण होना आवश्यक नहीं है। इसलिए इस विषय की परीक्षा में सम्मिलित नहीं होने अर्थात् अनुपस्थित (Absent) रहने पर उनका परीक्षाफल अनुत्तीर्ण घोषित होगा। परीक्षा में सम्मिलित होने पर इस विषय में प्राप्तांक की गणना श्रेणी निर्धारण में नहीं की जायेगी।

**7.** माध्यमिक स्तर के सभी मान्यता प्राप्त विद्यालय के प्रधान एवं विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी विद्यालय के विद्यार्थियों को वर्ष 2026 की आयोजित होने वाली माध्यमिक विशेष परीक्षा, 2026/माध्यमिक कम्पार्टमेंटल

परीक्षा, 2026 में सम्मिलित कराने के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा कोई आदेश पारित किया गया हो, तो वैसे विद्यालय के प्रधान/विद्यार्थी बिहार विद्यालय परीक्षा समिति कार्यालय में न्यायादेश की छायाप्रति के साथ परीक्षा नियंत्रक (मा0) से **दिनांक 07.04.2026** तक अनिवार्य रूप से सम्पर्क करना सुनिश्चित करेंगे ताकि न्यायादेश के आलोक में निर्णय लेते हुए परीक्षा में सम्मिलित होने के संबंध में निदेश निर्गत किया जाएगा। उक्त निर्धारित तिथि तक यदि किसी विद्यालय के प्रधान/विद्यार्थियों द्वारा इस संबंध में कोई सूचना उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो बाद में उनका ऐसे दावा मान्य नहीं होंगे और इसकी पूरी जवाबदेही संबंधित विद्यालय/विद्यार्थी की होगी।

8. **यहाँ यह स्पष्ट किया जाता है कि केवल मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रधान द्वारा ही वैध विद्यार्थी का परीक्षा आवेदन भरा जायेगा एवं निर्धारित शुल्क जमा किया जायेगा। जिन विद्यालयों की मान्यता/संबद्धता रद्द है अथवा मान्यता/संबद्धता वापस ले ली गयी है तथा जो निलंबित है, वैसे विद्यालयों से परीक्षा आवेदन कदापि नहीं भरा जायेगा। ऐसे विद्यालयों के परीक्षार्थी का संबद्ध किए गए सरकारी विद्यालय से परीक्षा आवेदन भराया जाएगा। साथ ही किसी भी परिस्थिति में ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने के दरम्यान विद्यार्थी एवं उनके माता–पिता के नाम तथा अन्य विवरणी के स्थान पर अंग्रेजी के वर्ण यथा–A, B, C, AB, BC, X, XY, XYZ आदि छद्म एवं बेनामी नाम/डमी आंकड़ें की प्रविष्टि नहीं की जाएगी। ऐसा पाये जाने पर इस तरह के परीक्षा आवेदन को रद्द करते हुए विद्यालय प्रधान के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।**

9. परीक्षा आवेदन प्रपत्र के कॉलम–12 में अभ्यर्थी का आधार नंबर अंकित किया जाएगा। यदि अभ्यर्थी को आधार कार्ड/नंबर आवंटित नहीं हुआ है, तो इस आशय की घोषणा कॉलम–13 में अनिवार्य रूप से की जाएगी। इसके विषय में परीक्षा आवेदन प्रपत्र के कॉलम–13 में स्पष्ट निदेश अंकित है।

10. **माध्यमिक विशेष परीक्षा, 2026/माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिए निर्धारित परीक्षा शुल्क का विवरण निम्नवत है :–**

| मद | सामान्य कोटि के लिए | आरक्षित कोटि SC, ST & EBC (BC-I) के लिए |
|---|---|---|
| ऑनलाईन परीक्षा आवेदन शुल्क | 70.00 | 70.00 |
| परीक्षा शुल्क | 115.00 | — |
| विविध शुल्क | 430.00 | 430.00 |
| अंक पत्र शुल्क | 170.00 | 170.00 |
| औपबंधिक प्रमाण पत्र शुल्क (सभी विषयों में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी के लिए) | 110.00 | 110.00 |
| विज्ञान आन्तरिक शुल्क (सभी विषयों में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी के लिए) | 55.00 | 55.00 |
| **कुल** | **950.00** | **835.00** |
| व्यावहारिक परीक्षा शुल्क (केवल गृह विज्ञान, नृत्य, संगीत एवं ललित कला विषय में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी के लिए) | 30.00 | 30.00 |
| ऑनलाईन शुल्क (रू० 30/–) शिक्षण संस्थान द्वारा रखा जाएगा, जिसका उपयोग विद्यालय प्रधान द्वारा विद्यार्थी के ऑनलाईन आवेदन भरने तथा उन्हें डमी/मूल प्रवेश पत्र डाउनलोड कर प्राप्त कराने के मद में किया जाएगा। | 30.00 | 30.00 |
| **कुल** | **1010.00** | **895.00** |

नोटः 1. **ऑनलाईन शुल्क (रू० 30/–) शिक्षण संस्थान द्वारा रखा जाएगा, जिसका उपयोग शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा विद्यार्थी के ऑनलाईन आवेदन भरने तथा उन्हें डमी/मूल प्रवेश पत्र डाउनलोड कर प्राप्त कराने के मद में किया जाएगा।**

2. बेटरमेन्ट एवं एकल विषय (अंग्रेजी) की परीक्षा के लिए प्रति परीक्षार्थी निर्धारित परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त 200.00 रुपये अनुमति शुल्क अलग से देय है, जो परीक्षा शुल्क के साथ जमा करना अनिवार्य है।

3. माध्यमिक परीक्षा में सम्मिलित एवं अनुत्तीर्ण पूर्ववर्ती/कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थियों को औपबंधिक प्रमाण पत्र शुल्क 110.00 रूपये, विज्ञान आन्तरिक शुल्क 55.00 रुपये एवं व्यावहारिक परीक्षा शुल्क 30.00 रुपये देय नहीं है।

11. परीक्षा आवेदन पत्र में यथा–निर्दिष्ट सभी स्तंभों में अपेक्षित विवरणों को पूरी शुद्धता के साथ भरा जाए, ताकि परीक्षोपरांत निर्गत होने वाले अंक पत्रादि के विवरणों में किसी भी प्रकार की त्रुटि न रह जाए तथा समिति अभिलेख में सभी विवरण सही–सही संधारित रहे।

12. **माध्यमिक विशेष परीक्षा, 2026 एवं माध्यमिक कम्पार्टमेंटल परीक्षा, 2026 के परीक्षा आवेदन पत्रों के अलग–अलग प्रपत्र समिति के वेबसाईट पर अपलोड है, जिसमें से उपयुक्त प्रपत्र विद्यालय के प्रधान डाउनलोड कर विद्यार्थियों को उपलब्ध करायेंगे। तत्पश्चात् विद्यार्थी द्वारा प्रपत्र में अंकित किए जाने वाले विवरणों को विद्यालय के अभिलेख से मिलानोपरांत समिति के पोर्टल पर ऑनलाइन माध्यम से परीक्षा आवेदन भरा जाना सुनिश्चित करेंगे। पुनः स्पष्ट किया जाता है कि माध्यमिक विशेष परीक्षा, 2026 के पात्र अभ्यर्थी तथा माध्यमिक**

कम्पार्टमेंटल परीक्षा, 2026 के पात्र अभ्यर्थियों के लिए निर्धारित अलग–अलग विहित आवेदन प्रपत्र में अपना आवेदन भरकर विद्यालय प्रधान को उपलब्ध करायेंगे, जिसके आधार पर उनके द्वारा ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरा जाएगा।

13. **सत्र 2025–26 के माध्यमिक के वैसे विद्यार्थियों जिनका हस्ताक्षरित घोषणायुक्त डमी पंजीयन कार्ड समिति के पोर्टल पर अपलोड नहीं है, को माध्यमिक विशेष परीक्षा, 2026 के लिए परीक्षा आवेदन भरने की अनुमति नहीं दी जाएगी।**

14. **समिति के पोर्टल पर परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन माध्यम से भरे जाने की प्रक्रियाः–** विगत कई वर्षों में कुछ विद्यार्थियों का पंजीयन/परीक्षा आवेदन भरने के उपरांत निर्धारित शुल्क कतिपय विद्यालय के प्रधान द्वारा जमा नहीं किए गए हैं, जो अत्यंत चिंताजनक है। इसके कारण कई विद्यार्थियों का परीक्षाफल काफी अधिक समय तक लंबित रहता है, जो उचित नहीं है। **इसलिए वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 से यह प्रावधान किया गया है कि जितने विद्यार्थियों का परीक्षा आवेदन भरा जाएगा, उतने विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर निर्धारित शुल्क विद्यालय के प्रधान द्वारा प्रथमतः जमा किया जाएगा। इसके उपरांत ही परीक्षा आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। इसके लिए निम्नलिखित प्रक्रिया का अनुपालन किया जाएगा:–**

(i) समिति का पोर्टल https://exam.biharboardonline.org अथवा https://biharboardonline.com खोलेंगे।

⬇

(ii) तत्पश्चात Click Here For Secondary Compartmental And Special Examination, 2026 पर क्लिक करेंगे।

⬇

(iii) क्लिक करने के उपरांत विद्यालय के प्रधान अपने यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड का उपयोग कर विद्यालय को लॉग–इन करेंगे।

⬇

(iv) लॉग–इन करने के उपरांत Exam Type पर क्लिक करेंगे तथा उसके बाद Student Category (Regular/Private/Ex/Betterment/Compartmental/Single Subject-English) का चयन कर उन्हीं छात्रों का Payment करेंगे, जिनका परीक्षा आवेदन भरना हो।

⬇

(v) Payment करने से पहले **VIEW SELECTED STUDENT** बटन को क्लिक करते हुए जिन विद्यार्थी का परीक्षा आवेदन भरना है, उनका Record Check करके, **CHECK & PAY** बटन पर क्लिक कर Payment करेंगे।

⬇

(vi) Payment Success होने के उपरांत Payment Receipt Download कर सुरक्षित रखेंगे।

⬇

(vii) Payment करने के उपरांत Exam Type और Student Category Select करने के बाद जिन विद्यार्थियों का Payment Success होगा, उन्हीं विद्यार्थियों का परीक्षा आवेदन का Apply Option दिखेगा।

⬇

(viii) तत्पश्चात् Apply Option पर जाकर Verify करने से पहले Preview Option से Exam Form Verify करके ही Final Submit करेंगे। यदि Exam Form में किसी प्रकार की त्रुटि हो तो Edit Option पर क्लिक करके Correction करने के उपरांत ही Final Submit किया जायेगा।

15. ऐसे परीक्षार्थी, जिनका वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2026 में ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने के क्रम में परीक्षा शुल्क ऑनलाइन भुगतान कर दिया गया है, परन्तु किसी कारणवश उनका ऑनलाइन परीक्षा आवेदन अंतिम रूप से नहीं भरा गया है और वे वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होने से वंचित हो, तो वैसे परीक्षार्थी, अगर माध्यमिक विशेष परीक्षा, 2026/माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2026 में ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरते है, तो उनका जमा परीक्षा शुल्क समायोजित किया जाएगा।

***नोटः– जिस परीक्षार्थी का Registration/Examination Form भरे जाने के मद में 'निर्धारित शुल्क जमा होगा/रहेगा, उसका ही Examination Form का 'Edit/View Option दिखाई देगा।***

16. माध्यमिक परीक्षा हेतु पंजीकृत विद्यार्थियों का Unique Id के साथ पंजीयन कार्ड जारी किया गया है। इन विद्यार्थियों का ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरते समय विशेष रूप से ध्यान दिया जाए कि किसी विद्यार्थी का Unique Id के बिना परीक्षा आवेदन नहीं भरा जाए, अन्यथा उनका परीक्षा आवेदन अस्वीकार किया जा सकता है। परीक्षा आवेदन भरने में विद्यार्थी का मोबाईल नम्बर एवं ई–मेल आई०डी० भरा जाना है। जिन विद्यार्थियों का मोबाईल नम्बर एवं ई–मेल आई०डी० भरा जाएगा, उन विद्यार्थियों को समय–समय पर परीक्षा संबंधी जानकारी उनके मोबाईल नम्बर एवं ई–मेल आई०डी० पर मिलती रहेगी।

17. **रंगीन फोटो एवं हस्ताक्षर के संबंध में :–** पूर्ववर्ती सत्र के जिस विद्यार्थी का माध्यमिक विशेष परीक्षा, 2026 तथा माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होने हेतु ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरा जाएगा, उस पर संबंधित विद्यार्थी का फोटो का साईज एवं प्रकार निम्नवत् रहना अनिवार्य है :–

(i) फोटो का साईज एवं प्रकार :–
Image Size :- 35 mm X 30 mm का हो (400 - 500 KB के बीच jpg/jpeg Format में हो) ।
Head Size/Face Size :- 25 mm X 20 mm
Background :- Plain White or Light Green

(ii) स्कैन किया हस्ताक्षर का नमूना (jpg/jpeg) फॉरमेट (3.5cm width x 1 cm height) में हो तथा आकार 5-20 KB से अधिक न हो।

**18. परीक्षा शुल्क भुगतान के संबंध में** :–परीक्षा शुल्क का भुगतान Indian Bank के किसी भी शाखा में ई–चालान, डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिंग तथा RTGS/NEFT के माध्यम से किया जायेगा।

**19.** माध्यमिक विशेष परीक्षा, 2026/माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होने हेतु वैसे विद्यार्थी, जिनका पंजीयन आवेदन निर्धारित अवधि तक ऑनलाईन भरा गया है और बार–बार दिए गए अवसर के बावजूद अभी तक उनका पंजीयन शुल्क जमा नहीं किया गया है, ऐसे विद्यार्थी के बकाया पंजीयन शुल्क की राशि अनिवार्य रूप से जमा करना आवश्यक होगा, अन्यथा उनका समिति के पोर्टल पर ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने हेतु नाम दिखाई नहीं देगा, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित विद्यालय के प्रधान का होगा।

(i) समिति के वेबसाइट– https://exam.biharboardonline.org अथवा https://biharboardonline.com पर यूजर मैनुअल उपलब्ध रहेगा।

**20.** उपर्युक्त के अनुसार विद्यालय के प्रधान **दिनांक–01.04.2026 से 07.04.2026 तक** की अवधि में ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरना एवं शुल्क जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

**21. जिला शिक्षा पदाधिकारी के स्तर से की जाने वाली कार्रवाई**:– जिला शिक्षा पदाधिकारी अपने जिला में अवस्थित मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों के प्रधानों की बैठक आहूत कर उन्हें विद्यार्थी को ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरे जाने हेतु सभी नियमों से अवगत कराते हुए उसका दृढ़ता से अनुपालन करने के संबंध में निदेशित करेंगे।

**22.** ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने या परीक्षा शुल्क जमा करने में किसी प्रकार की असुविधा होने पर समिति के हेल्प लाइन नं0–9430429722, 0612–2232239 पर सम्पर्क किया जा सकता है अथवा E-mail Id : bseb@antiersolutions.com पर सूचित कर परीक्षा आवेदन भरने से संबंधित समस्या का त्वरित निराकरण प्राप्त किया जा सकता है।

**23.** अतः सभी संबंधितों से अनुरोध है कि इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए माध्यमिक विशेष परीक्षा, 2026 तथा माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होने वाले सही अभ्यर्थित्व वाले विद्यार्थियों के लिए अलग–अलग निर्धारित आवेदन प्रपत्र (माध्यमिक विशेष परीक्षा, 2026 एवं माध्यमिक कंपार्टमेंटल परीक्षा, 2026) में अंकित विवरणी के आधार पर ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरवाने एवं शुल्क जमा करवाने की सभी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

**परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति।

ज्ञापांक : केन्द्रीय (मा०)– 110/26-वि0 – 1188 /पटना, दिनांक : 30 / 03 /2026

प्रतिलिपि : 1. जन सम्पर्क पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ एवं **दिनांक 01.04.2026 को** दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ प्रेषित। यह भी अनुरोध है कि निदेशानुसार विज्ञापन प्रसारण की सूचना राज्य के सभी विद्यालयों को ई–मेल/WhatsApp के द्वारा प्रेषित किया जाए। इसकी सूचना विद्यालय प्रधान एवं संबंधित विद्यार्थियों को SMS के द्वारा भी उपलब्ध करायी जाए। यह सूचना सोशल मीडिया के माध्यम से भी प्रसारित किया जाए। तद्नुसार सभी आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा की जाए।

2. प्रोजेक्ट मैनेजर, ANTIER SOLUTIONS PVT. LTD. को सूचनार्थ भेजते हुए अनुरोध है कि उपर्युक्त के अनुसार माध्यमिक विशेष परीक्षा, 2026 एवं माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2026 का आवेदन पत्र भरने एवं शुल्क जमा करने हेतु निर्धारित समय तक पोर्टल चालू रखने की सभी प्रकार की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

3. सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार को वर्णित आलोक में सूचनार्थ भेजते हुए अनुरोध है कि अधीनस्थ सभी विद्यालयों के प्रधान को माध्यमिक विशेष परीक्षा, 2026 एवं माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2026 का आवेदन निर्धारित अवधि (दिनांक 01.04.2026 से 07.04.2026 तक) में भरने हेतु दैनिक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्पष्ट रूप से निदेशित करने की कृपा की जाए।

4. शाखा प्रबंधक, Indian Bank, Bihar State Text Book Publishing Corporation Parisar, Budh Marg, Patna- 800001 को उक्त आलोक में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

5. प्रशाखा पदाधिकारी, कदाचार प्रशाखा (मा0) को वर्णित आलोक में सूचनार्थ भेजते हुए निदेशित किया जाता है कि कदाचार के आरोप के तहत संलिप्त जिन परीक्षार्थियों को उक्त माध्यमिक परीक्षा मे सम्मिलित होने के लिए वंचित किया गया है, उन परीक्षार्थियों की सूची आवश्यक विवरणी के साथ अविलंब आई0टी0 प्रशाखा (मा0) को उपलब्ध करा देंगे ताकि वैसे परीक्षार्थियों का परीक्षा आवेदन नही भरा जा सके।

6. उप निदेशक/सिस्टम एनालिस्ट, आई0टी0 (मा0) को सूचनार्थ भेजते हुए अनुरोध है कि अपने निगरानी एवं पर्यवेक्षण में उक्त के आलोक में आवश्यक व्यवस्था कराना सुनिश्चित की जाय तथा इसका निरंतर अनुश्रवण किया जाय ताकि किसी प्रकार की त्रुटि एवं विसंगति न हो। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि जिन विद्यालयों की मान्यता/संबद्धता रद्द है अथवा मान्यता/संबद्धता वापस ले ली गयी है तथा जो निलंबित है, वैसे विद्यालयों से कदापि परीक्षा आवेदन नहीं भरा जा सके, इसलिए निदेशक (शैक्षणिक) से समन्वय कर ऐसे विद्यालयों की अद्यतन सूची अनिवार्य रूप से प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। यह भी अनुरोध है कि विद्यार्थी, मान्यता प्राप्त विद्यालय के प्रधान, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मा0शि0), जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला पदाधिकारी के जानकारी हेतु इस विज्ञप्ति की प्रति समिति के वेबसाईट एवं निर्दिष्ट BSEB Mobile App पर डाल दिया जाय ताकि सभी संबंधितों द्वारा अपने स्तर पर इस निमित्त आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

यह भी अनुरोध है कि निदेशानुसार विज्ञापन प्रसारण की सूचना राज्य के सभी विद्यालयों को ई–मेल/WhatsApp के द्वारा प्रेषित किया जाए। इसकी सूचना विद्यालयों प्रधान एवं संबधित विद्यार्थियों को SMS के द्वारा भी उपलब्ध करायी जाए। यह सूचना सोशल मीडिया के माध्यम से भी प्रसारित किया जाए। तदनुसार सभी आवश्यक कार्रवाई करते हुए जन संपर्क पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को भी अवगत कराना सुनिश्चित करें।

7. सभी उप सचिव/प्रभारी पदाधिकारी, प्रमण्डलीय क्षेत्रीय कार्यालय, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ प्रेषित।

8. वित्त पदाधिकारी/मुख्य लेखा पदाधिकारी (मा0) बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

9. निदेशक (शैक्षणिक), बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ भेजते हुए अनुरोध है कि जिन विद्यालयों की मान्यता/संबद्धता रद्द है अथवा मान्यता/संबद्धता वापस ले ली गयी है तथा जो निलंबित है, वैसे विद्यालयों से विद्यार्थियों का माध्यमिक परीक्षाओं में सम्मिलित होने के लिए परीक्षा आवेदन कदापि नहीं भरा जाना है, उन विद्यालयों की अद्यतन सूची शीघ्र उप निदेशक, आई0टी0 (मा0) को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

10. अध्यक्ष एवं सचिव के आप्त सचिव, निदेशक, आई0टी0 तथा परीक्षा नियंत्रक (उ0मा0) को सूचनार्थ प्रेषित।

**परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति।